शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

अभ्यास प्रश्न पत्र - (सत्र :2023-24)

कक्षा – V **विषय - हिन्दी**

समय: 2 घंटे **पूर्णांक - 50**

सामान्य निर्देश:

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|**
2. **इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं|**
   भाग-1 : पठन (10 अंक)
   भाग-2 : लेखन (10 अंक)
   भाग-3 : व्याकरण (10 अंक)
   भाग-4 :पाठ्यपुस्तक (20 अंक)

भाग-1 : पठन (10 अंक)

आजकल बाज़ार में चिप्स, बर्गर, पिज्जा, डोनट, केक, पेस्ट्री, बिस्किट, टॉफी, चॉकलेट वगैरह जैसे जंक फूड खूब मिलते हैं| कुछ बच्चों को जंक फूड बहुत पसंद होते है क्योंकि यह खाने में स्वादिष्ट और देखने में रंग-बिरंगे व आकर्षक होते हैं| जंक फूड में चीनी, नमक और घी-तेल की मात्रा बहुत अधिक होती है, लेकिन पोषक तत्व न के बराबर होते हैं| भोजन की जगह अगर सिर्फ जंक फूड खाया जाए, तो ये हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालता है| इससे बच्चों में मोटापा बढ़ता है, सुस्ती आती है और उन्हें मधुमेह रोग भी हो सकता है| जंक फूड हमारे दांतों पर चिपक जाते हैं और इससे दांतों में सड़न हो सकती है|

इसीलिए बच्चों, आप घर का बना खाना ही खाया करो और बाज़ार के रंग-बिरंगे जंक फूड को अलविदा कह दो|

1. उपरोक्त सूचना को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाइए- 5

i. इनमें से कौन सा भोजन जंक फूड है?

a. सब्जी
b. दाल
c. बर्गर
d. रोटी

ii. अधिक जंक फूड खाने से कौन सी बीमारी हो सकती है?

a. बुखार
b. जुकाम
c. मलेरिया
d. मधुमेह

iii. जंक फूड का हमारे स्वास्थ्य पर कैसा प्रभाव होता है?

a. बहुत बुरा
b. बहुत अच्छा
c. कम अच्छा
d. कम बुरा

iv. इनमें से 'सुस्ती' शब्द का उल्टे अर्थ का शब्द कौन सा है?

a. सस्ती
b. बस्ती
c. चुस्ती
d. खस्ता

v. 'अलविदा कह देना चाहिए' इस वाक्यांश का क्या अर्थ है?

a. नमस्ते कहना
b. बुरा कहना
c. बात करना
d. छोड़ देना

DoE, Delhi

2. दी गई कविता को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाइए - 5

एक केकड़ा बहुत बड़ा,
छींक रहा था पड़ा-पड़ा|
सर्द हवा के आने से,
हुआ जुकाम नहाने से,
दरियाई घोड़ा छींका,
मछली छींकी पानी में,
काँपे फूल कहानी में|

(आभार- फिरकी बच्चों की,NCERT)

i. कविता में केकड़ा कैसा था?

a. बहुत छोटा
b. बहुत बड़ा
c. बहुत पतला
d. बहुत मोटा

ii. केकड़ा कैसे छींक रहा था?

a. खड़ा-खड़ा
b. पड़ा-पड़ा
c. सड़ा-सड़ा
d. लड़ा-लड़ा

iii. मछली कहाँ पर छींक रही थी?

a. हवा में
b. नाव में
c. जमीन पर
d. पानी में

DoE, Delhi

iv. कहानी में कौन काँप रहा था?

a. केकड़ा
b. मछली
c. फूल
d. घोड़ा

v. दरियाई घोड़ा कहाँ रहता है?

a. समुद्र में
b. नदी में
c. जमीन पर
d. हवा में

भाग-2 : लेखन (10 अंक)

3. किसी एक त्योहार के बारे में पाँच वाक्य लिखिए - 5

DoE, Delhi

अथवा

सुमित का टिफ़िन दीपा की वजह से नीचे गिर गया | उन दोनों में आपस में क्या बातचीत हुई होगी, अंदाज़ा लगाओ और 5-6 वाक्यों में लिखिए|

____

____

____

____

____

____

____

____

____

4. मित्र को जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए| 5

____

____

दिनांक:___________

प्रिय ____________

____

____

____

____

आपका/आपकी _____________

____

DoE, Delhi

अथवा

नीचे दिए गए शब्दों का प्रयोग करते हुए एक कहानी लिखिए| (5-7 वाक्य)

चारु, नदी, तितली, गुब्बारा, नाव, परी, राक्षस, सपना, स्कूल

____

____

____

____

____

____

____

भाग-3 : व्याकरण (10 अंक)

5. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 2x5=10

i. 'नदी' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

__________ , ____________

ii. इस वाक्य में उचित स्थान पर विशेषण लगाकर दुबारा लिखिए|

'कोयल गाती है|'

____

iii. इन वाक्यों में भाव वाचक संज्ञा के नीचे रेखा खींचिए|

a. अशरफ एक ईमानदार व्यक्ति है|
b. क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है

DoE, Delhi

iv. निम्न वाक्य, कारक शब्द (का, की, को, में, से, ने) भरकर पूरा करिए|

देखता हूँ माँ ___ नाश्ते ___ मेरे लिए क्या बनाकर रखा है |

v. इस वाक्य में सही स्थान पर विराम चिन्ह लगाइए|

दादी भी रुक-रुककर बोलने लगीं फिर वह भी थक कर सो गईं

भाग-घ - पाठ्यपुस्तक 20 अंक

6. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ अक्षरजाल में ढूँढ़कर लिखिए- 6
   i. मोहल्ला- ______________
   ii. किनारा- _______________
   iii. तेज़ गति - _____________
   iv. शोर- ______________
   v. धूप- ______________
   vi. घना - _____________

घा	**म**		**वे**	
			ग	
		टो		
	रो	**ला**		**पा**
स	**घ**	**न**		**ट**

DoE, Delhi

7. दिए गए वाक्यों को उचित शब्द भरकर पूरा करिए - 4

हमारे गाँव में, शहर में जो छोटे-बड़े तालाब, झील आदि हैं वे धरती की गुल्लक में _______ भरने का काम करते हैं। इनमें जमा पानी ________ के नीचे छिपे जल के भंडार में धीरे-धीरे रिसकर, छनकर जा मिलता है। इससे हमारा भूजल भंडार समृद्ध होता जाता है। पानी का यह ________ हमें दिखता नहीं, लेकिन इसी खजाने से हम _________ का मौसम बीत जाने के बाद पूरे साल भर तक अपने उपयोग के लिए घर में, खेतों में, पाठशाला में निकाल सकते हैं।

8. दी गई कविता के अंश को पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3

न उसकी भयभीत आँखों में
हर समय दिखती
उसके अंदर की छटपटाहटों को।
जितनी देर वह रहता
पास बैठी उसकी माँ
निहारती रहती उसका खेलना।

अंदर की छटपटाहट रतन की आँखों में किस रूप में प्रकट होती थी?

अथवा

जितनी देर रतन खेलता रतन की माँ उसके पास क्यों बैठी रहती थी?

____

____

____

____

DoE, Delhi

9. मिमि, कोको के घर पर केले के पापड़ लेकर आई थी| वह केले के पापड़ कोको के साथ बांटकर खाने के लिए लाई थी|

फिर कोको, केले के पापड़ क्यों नहीं खा पाया? 3

10. 'स्वामी की दादी' पाठ के इस अंश को पढिए और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखिए- 4

> है, वह मैडल अब कहाँ है? मैंने वह तुम्हारी बुआ को दिया और उस बेवकूफ़ ने उसे गलवाकर चार चूड़ियाँ बनवा लीं। और वह भी इतनी मामूली-सी चूड़ियाँ कि...। मैं हमेशा कहती रही हूँ कि हमारे परिवार में उस जैसा महामूर्ख कोई नहीं, और...।"

मैडल से चूड़ियाँ बनवा लेने पर दादी ने बुआ को महामूर्ख क्यों माना?

अथवा

स्वामी का अपनी दादी के साथ कैसा रिश्ता था? 4-5 वाक्यों में लिखो|

DoE, Delhi